तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 कलेक्टर का पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों को संबोधन....


12 राखी केवल धागा नहीं, निश्चछल प्रेम का ...


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## कार्रवाई : नशे की चेन सप्लाई को तोड़ना जरूरी, तभी नशे पर लगेगा बंदिश

# हत्या व चाकूबाजी के बाद पुलिस ने की तगड़ी कार्रवाई, 12 नशेड़ी एवं सटोरिया जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

**खास बातें**

- नशा और सट्टा के कारण शहर में लगातार हो रहीं चोरियां
- कांकेर शहर और आसपास गांव में पुलिस की गश्त, धरपकड़ जारी



हत्या के बाद कांकेर पुलिस ने चौक चौराहों पर गश्त को बढ़ा दिया है और उसी के तहत खुले आम नशा करने वाले 12 नशेड़ियों को दबोचा गया और उनके खिलाफ धारा 151 की कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। नशा करने वालों को जेल भेजा गया, परंतु कांकेर शहर में सूखे नशा की सप्लाई, जुआं और सट्टा खिलाने वाले सफेदपोश को भी दबोचने की जरूरत है। इनके चेहरे जब तक उजागर नहीं होंगे, तब तक नशा पर लगाम कस पाना संभव नहीं दिखता है।

जानकारी के अनुसार नशे के चलते हुई चाकूबाजी और हत्या की घटना दिनदहाड़े घटित हो जाने से कांकेर में हलचल मच गई। घटना की गंभीरता को लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की क्लास लिया और सख्त आदेश जारी किया कि सूखा नशा, जुआं और सट्टा की शिकायत मिलने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने और साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाने निर्देशित किया। एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में कांकेर शहर और आसपास 5 किमी. के अंदर गश्त को बढ़ाया गया। शहर के भंडारीपारा, आमापारा भवानी चौक, संजय नगर, एमजी वार्ड, टिकरापारा के अलावा शहर से लगे ग्रामीण ईलाके मनकेशरी, गोविन्दपुर, सरंगपाल, पंडरीपानी, सिंगारभाट में गश्ती टीम को सक्रिय किया गया, उसी का परिणाम रहा कि एक दिन में सार्वजनिक स्थान में नशा करने वाले 12 नशेड़ियों कमलेश पटेल पिता सखाराम पटेल उम्र 39 वर्ष मनकेशरी, रामस्वरूप यादव पिता राम गोपाल यादव उम्र 50 वर्ष मनकेशरी,गिरधारी प्रधान पिता स्व. राम प्रसाद उम्र 38 वर्ष भंडारीपारा, बबलू शोरी पिता राम साय सोरी उम्र 20 वर्ष अघननगर, विमल दुबे ▶▶ शेष पेज 10 पर

### सूखे नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना चुनौती

सूखा नशा के सप्लाई चैन को तोड़ना जरूरी है, इसके खिलाफ अभी तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई है। सूखा नशा के सप्लाई पर जब तक मार नहीं पड़ेगी, तब तक नशा पर कंट्रोल हो पाना संभव नहीं दिख रहा है। नशा करने वालों के साथ-साथ नशा की सप्लाई करने वालों की कमर को तोड़ना जरूरी है। इनको पकड़ने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ेगी, उसका बड़ा कारण है, जो जिम्मेदार है, वो जान रहे है।

### कार्रवाई टीम रहे शामिल

थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि वेदन सलामे, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश कृषान, आरक्षक राकेश बघेल एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक अरूण मंडावी, लक्ष्मीनारायण सोरी का अहम भूमिका रही।

## फुरफुंदी के जर्जर स्कूल भवन में पढ़ते हैं छात्र, जान का खतरा फिर भी विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर




विकासखंड कोयलीबेड़ा अंतर्गत मरोड़ा संकुल के फुरफुंदी गाँव स्थित प्राथमिक शाला का भवन जर्जर हालत में है, जिससे वहाँ पढ़ने वाले नन्हें छात्रों की सुरक्षा और भविष्य दोनों दांव पर लगे हैं। छत से टपकते पानी, दरकती दीवारें और कभी भी ढह सकने की स्थिति ने बच्चों और अभिभावकों में भय का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा अंतर्गत मरोड़ा संकुल के फुरफुंदी गाँव का प्राथमिक शाला का भवन जर्जर हालत में है। बाहर से भवन की हालत अच्छी दिख रही है, परंतु छत की सीमेंट गिर रही है और छत से टपकते पानी व दरकती दीवारों ने भय का माहौल बना दिया है। फुरफुंदी के बच्चों को इस खतरनाक माहौल में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन दोनों के लिए बड़ा खतरा है।

सरकार का निर्देश है कि भवन के अतिजर्जर होने पर कक्षाएं उस भवन में नहीं लगाना है। अतिरिक्त कक्षा हो या गांव में सामुदायिक भवन हो, अच्छे भवन में कक्षाएं लगाने निर्देशित किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी से इस शाला को जानने के लिए उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क किया गया, परंतु नेटवर्क की दिक्कत होने के चलते संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने माँग किया है कि प्राथमिक शाला फुरफुंदी के छात्रों के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए नए भवन का निर्माण या मौजूदा भवन का तत्काल जीर्णोद्धार किया जाए।

आदिवासी छात्र युवा संगठन ने इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन से तत्काल मरम्मत या नए भवन की मांग करते हुए प्रदेश सदस्य संजय सलाम ने कहा कि कई बार स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर खींचा गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यालयों में नियमित होगा सामूहिक राष्ट्रगान



**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न कार्यालयों में नियमित रूप से राष्ट्रगान के साथ कार्यालयीन दायित्वों की शुरूआत की जाती है। इसी क्रम में 31 जुलाई को सुबह 10 बजे कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में जिला कार्यालय परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दुर्गूकोंदल- दमकसा मार्ग की मरम्मत की मांग की



**दुर्गुकोंदल।** दमकसा से दुर्गूकोंदल मार्ग पर गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। बारिश के चलते जगह-जगह गड्ढा हो गया है, जिससे आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही है। इस मार्ग में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों को आना जाना है। ग्रामीणों ने कहा है कि मार्ग पर जगह जगह गड्ढे को सुधार करने की मांग किया है अगर दो दिनों के अंदर मरम्मत नहीं की जाती तो मार्ग पर क्षेत्रवासी ग्रामवासियों के द्वारा धान का रोपा लगाया जाएगा और शासन प्रशासन का विरोध किया जाएगा। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सुनील कंवर ने बताया है कि दुर्गुकोंदल दमकसा मार्ग पर गड्ढे होने की जानकारी मिली है। ठेकेदार को जानकारी दी गई है, एक-दो दिन में सड़क की मरम्मत की जाएगी।

### मरीजों से मिलने के लिए अब गेट पास टिकट

**कांकेर।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध कोमलदेव चिकित्सालय कांकेर में मरीज से मिलने के लिए परिजनों को गेट पास टिकट जारी किया जाएगा, जो 04 अगस्त से प्रभावशील होगा। मरीज से परिजनों को मिलने का समय दोपहर 4 बजे से सायं 06 बजे निर्धारित किया गया है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमल भगत ने बताया कि अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के लिए यह व्यवस्था एवं समय निर्धारित किया गया है।

### छात्रा खुदकुशी मामले में जांच टीम गठित

**अंतागढ़।** आदिवासी छात्रावास अंतागढ़ में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र के खुदखुशी मामले में आदिवासी समाज गंभीर व विचलित है। खुदखुशी के कारणों को जानने व समझने के लिए उच्च स्तरीय सामाजिक जॉच टीम का गठन किया है। मामले को बारिकी से जॉच कर पांच दिवस के भीतर जॉच कर प्रतिवेदन समाज के अध्यक्ष को सौपेंगे। 11 सदस्यीय जॉच दल में विश्राम सिंह गावड़े, संतलाल दुग्गा, किशोर धनेलिया, रामेश्वर मंडावी, संजय ध्रुव, मंजूलता गावड़े, मनोरमा मंडावी, सुभद्रा सलाम, उमेश पोटाई, नीलकण्ठ समरथ, धनजय ध्रुव शामिल है।

## नशे में पति ने पत्नी को पीट, जाने से मारने की धमकी दी, मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



शराब पीने की बात को लेकर पति का पत्नी से विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा की मारपीट में तब्दील हो गया। पति के द्वारा जान से मार देने की धमकी देने पर पत्नी कांकेर थाना पहुँचकर पति के खिलाफ शिकायत कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची गढ़पिछवाड़ी निवासी 30 वर्षीय रमा भंडारी ने पुलिस को बताया कि मैने वर्ष 2017 मे ओमकेश्वर भंडारी के साथ प्रेम विवाह किया था और वर्तमान मे हमारे दामपत्य जीवन से दो बच्चे है। मेरे पति 30 जुलाई की रात 10 बजे शराब पीकर घर आए, तब मै बोली कि इतनी रात को रोज रोज शराब पीकर घर आते हो, इतना कहने पर मेरे पति कहने लगे कि तू कौन होती है मुझे मना करने वाली, कहकर घरेलू बातो को लेकर गाली देने लगे। मैने गाली देने से मना किया, इस पर मेरे साथ हाथ थपप्ड़ से मारपीट करने लगे। मैने कहा कि मेरे साथ मारपीट क्यों कर रहे हो, तो बोलने लगे कि तू अपनी बहन के साथ मोबाईल मे बात करती है। घर की बात को अपने मां बाप को बताती है। मैं आज तुझे जान से मार दूंगा कहकर मारपीट किया। मारपीट किए जाने से मेरे गाल, पीठ मे दर्द तकलीफ हुई है। शादी के कुछ सालो के बाद से ही मेरे पति घरेलू बातो को लेकर अक्सर मारपीट करते रहते है। मै आज सुधर जाएगा, कल सुधर जाएगा, सोचकर चुप रहती थी, लेकिन मेरे पति में कोई सुधार नही हो रहा है और आए दिन मुझे मारपीट करते रहता है। पत्नी की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) भारतीय न्याय संहिता के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## काराकोदा गांव में रोपाई के दौरान ट्रैक्टर में दबकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर



बांदे थाना क्षेत्र के काराकोदा गांव में धान रोपाई के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 36 वर्षीय युवक सोमजी उसेंडी की ट्रैक्टर में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है और शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए शव को भेजा गया। पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी 83 निवासी 36 वर्षीय युवक सोमजी उसेंडी पिता पुसिया राम उसेंडी धान की रोपाई कर रहा था। धान रोपाई के दौरान ट्रैक्टर जुताई के समय युवक पर चढ़ गया और दुर्भाग्यवश युवक ट्रैक्टर के कैशविल में फंस गया, जिससे गंभीर चोटें आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने गांव वालों को दिया और उसके उपरांत घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। बांदे पुलिस मौके पर पहुँचकर शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए रवाना किया। पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस का कहना है कि विस्तृत कारणों की जांच की जा रही है। किसान की अचानक ट्रैक्टर में दबने की मौत से पूरे गाँव का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और घटना के पूरे कारण की जानकारी मिलने के उपरांत ट्रैक्टर चालक पर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। परिजन शोक में होने के कारण घटना की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

## आंकलन शिविर में 135 दिव्यांग बच्चों की हुई जांच, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्री प्राइमरी से 12 वीं तक के दिव्यांग बच्चों की आवश्यकता का आकलन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन करने एवं आंकलन के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 135 बच्चों का जांच किया गया। कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा कांकेर के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिव्यांग बच्चों का आंकलन शिविर का आयोजन 31 जुलाई को विकासखंड दुर्गुकोंदल केसदभावना भवनमें एबीईओ अंजनी मंडावी एवं बीआरसी लतीफ सोम के अतिथ्यि में आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता का परीक्षण उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहायक उपकरण एवं शैल्य चिकित्सा यूडीआईडी कार्ड का निर्माण विभिन्न अलाउंस एवं थेरेपी के लिए बच्चों का चिन्हांकन करना है। विकासखंड के समस्त शिक्षक गण अपने-अपने शालाओं में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों एवं पालकों को शिविर तक लाकर जांच कराया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय कांकेर से अस्थि रोग एवं सिकल सेल विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कोर्राम, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकांत मित्ता, जनरल चिकित्सा के लिए डॉ. त्रिलोक सोनी, डॉ. मनीष साहू एवं नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ. एसएन शुक्ला मेडिकल बोर्ड प्रभारी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन में बीआरपी भूपेश साहू, उपेंद्र कस्तूरे, टिकेश्वर मंडलोई, राधेश्याम ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**कांकेर।** सावन का महीना है और कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह गजब का बना हुआ है। कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को पिकप से परिवहन किया जा रहा है। पिकप चालक को सावधनी बरतना चाहिए, परंतु चालक की लापरवाही पीछे बैठे छोटे बच्चों को खतरे में डाल सकते है। ऐसा नजारा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिलता है। पिकप में जिस ढंग से कांवड़ियों को भरकर ले जाया जा रहा है, उससे खतरे की संभावना भी बनी रहती है। पिकप चालक और मालिकों को समझाईश देने की जरूरत है।



## शिक्षा संयुक्त संचालक ने जारी किया फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय ने 30 जुलाई को संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखित में फरमान जारी किया है कि स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 द्वारा जिला स्तर पर संलग्न समस्त कर्मचारियों का संतुनीकरण 05 जून की स्थिति में समाप्त किए जाने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के परिपालन में सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याताओं का संलग्नीकरण समाप्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है अथवा नहीं। इस संबंध में अनेक कर्मचारी संगठनों द्वारा शिकायत की जा रही है कि आज पर्यन्त भी शिक्षक संलग्न होकर विभिन्न कार्यालयों में कार्य संपादन कर रहे हैं। यदि कोई भी शिक्षक संलग्न पाए जाने पर आपके विरूद्ध कठोर अनुशासनत्मक कार्यवाही की जाएगी।

## प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच हुई चर्चा के बाद निकला निराकरण

# नगर पालिका में शहर की बिगड़ी व्यवस्था को बेहतर बनाने हुई मैराथन बैठक, बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- मालवाहकों की शहर एंट्री का टाइम सुनिश्चित किया जाएगा

शहर कांकेर के एक छोर से दूसरे छोर तक बिगड़ी व्यवस्था को लेकर नगरपालिका में सभी पार्षद, शहर के गणमान्य नागरिक, यातायात विभाग और पशुपालन विभाग के अफसरों के साथ मैराथन बैठक हुई, जिसमें कई निर्णय लिए गए, उसी के तहत 31 जुलाई की शाम को 4 बजे निकली टीम ने दुकान से बाहर सामान निकालने वाले दुकानदारों को समझाईश दिया गया। नगरपालिका के सभाकक्ष में 31 जुलाई को आयोजित बैठक में उपस्थितजनों ने सुझाव दिया और मैराथन बैठक में यह तय किया गया कि शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक के दुकानदार दुकान की सीमा से बाहर सामान निकालते है, उनको समझाईश देना है, उसके उपरांत उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत नगरपालिका और यातायात की टीम सायं 4 बजे निकली और दुकानदारों को बोर्ड और सामान हटाने की ▶▶ शेष पेज 10 पर



### मालवाहकों का समय का होगा निर्धारित

यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि मालवाहक वाहनों का समय का निर्धारण के बारे में चर्चा हुई है। उसमें दुकानदारों को यही जानकारी दिया जा रहा है कि सुबह 8 के पहले सामान खाली करवा ले, उसके बाद शहर के दुकानों में सामान खाली करवाने पर कार्यवाही किया जाएगा, उसी तरह सायं 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। ट्रांसपोर्टरों को भी जानकारी दिया जाएगा, उसके बाद गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना तय है।

### सड़क किनारे नहीं लगेंगी सब्जी की दुकानें

नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों से अपील किया जाएगा कि नए बाजार स्थल पर ही दुकानें लगाएं। शहर में सड़क किनारे दुकान लगाने से सदैव हादसे का डर बना रहता है। समझाईश देने के बाद भी दुकानें लगाए जाने पर उनके खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। इसके अलावा पशुपालक अपने पशुओं को अपने घरों पर रखें, नहीं तो नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। इसके अलावा लावारिश पशुओं को जिले से बाहर भेजने के लिए प्रशासन से संवाद करके निर्णय लिया जाएगा।

## सिंगारभाट में सूने मकान पर चोरों का धावा, एक लाख के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



सिंगारभाट में शिक्षिका के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े घर पर घुसकर एक लाख के जेवरात पार कर दिया। शिक्षिका की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची खूटापारा सिंगारभाट निवासी 51 वर्षीय सपना उके पति कृष्णा कुमार उके ने पुलिस को बताया कि मैं शिक्षिका हूँ और 29 जुलाई को मेरे पुत्र व पुत्री सुशांक उके और नम्रता उके दोनो रायपुर के लिय घर से निकले थे, उस समय करीबन 11 बजे सुबह का समय था, तब मैं पढ़ाने के लिए शा.प्रा.शा. राईसमिलपारा सिंगारभाट चली गई थी। बेटी के द्वारा फोन करके बताया कि घर का चाबी रेख में छीपा कर रख दिया हूँ। स्कूल की छुटटी होने पर शाम करीबन साढ़े 4 बजे घर पहुँची और देखी तो रेख में रखी चाबी दिख रही थी, परंतु घर का ताला खुला हुआ था। घर के अंदर जाने पर मुझे संदेह होने पर आलमारी का ताला खोलकर देखी, तब आलमारी में रखे जेवरात सोने की एउक चैन कीमत 38950.62 रूपएं, स्टोन रिंग कीमत 10320.52 रूपए, लाकेट 26000 रूपए, अंगूठी 11400 रूपए, टाप्स सेट 6300 रूपए, टाप्स सेट 9400 रूपए, बाली ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत हुए पंचायत सचिव को दी गई विदाई



**फरसगांव।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटपाड़ और ग्राम पंचायत मांदागांव में पदस्थ पंचायत सचिव जयलाल जैन को सेवानिवृत होने पर गुरुवार को ब्लाक के सचिव संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार पांडे के नेतृत्व में जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त पंचायत सचिव जयलाल जैन को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर कर विदाई दिया गया । इस दौरान जनपद सीईओ रूपेंद्र नेताम, जनपद अध्यक्ष मानकु नेताम , उपाध्यक्ष जद्दू राम नाग , सभी जनपद सदस्य, सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष उमेश कुमार पांडे साहित सचिव संघ के अन्य पदाधिकारी व सभी सचिव उपस्थित रहे ।

### ग्राम हाटचपई में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम हाटचपई में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फरसगांव जनपद उपाध्यक्ष जद्दू राम नाग पहुंचे हुए थे। मुख्य अतिथि ने नव प्रवेशी बच्चों का बड़े उत्साह एवं जोशीले के साथ स्वागत किया। उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण किया । इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई । इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि , संकुल स्तर के शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे ।

## पेज 9 के शेष

### हत्या व चाकूबाजी...

पिता मंगल दुबे उम्र 26 वर्ष अघननगर, रोहन पोया पिता रमेश पोया उम्र 23 वर्ष डुमाली, दीपचंद देवांगन पिता रामजी देवांगन उम्र 22 वर्ष सरंगपाल, नितेश सिन्हा पिता जालीन्धर उम्र 19 वर्ष सरंगपाल,आवेश रजा पिता अब्दुल गफ्फार उम्र 26 वर्ष लट्टीपारा, उमन कावड़े पिता गज्जू कावड़े उम्र 18 वर्ष शांतिनगर, शिव कुमार रिगरी पिता स्व. विनोद रिगरी उम्र 42 वर्ष ठेलकाबोड़ एवं लव नेताम पिता अमृत नेताम उम्र 26 वर्ष झुनियापारा को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक शराबियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट, जुआड़ियों के विरूद्ध जुआ प्रतिशेध अधि.2022 एवं असमाजिक तत्वों नशेड़ी, गंजेड़ीयों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, उनके खिलाफ जेल वारंट जारी करने पर जेल की सलाखों में भेजा गया।

### आंकलन शिविर में...

कांगे, डीकेश देवांगन, सुलोचना बघेल, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, हेमलालं खरे, उमाकांत भंडारी, भारत लाल दरपट्टी, टिकेश्वर साहू, गोवर्धन मंडावी, सुरेंद्र उयके, रामचंद्र दुग्गा, मैनु राम मांडवी, बालकान दर्रो, आशीष साहू, प्रहलाद जैनव शशि सलाम आदि उपस्थित रहे।

### नगर पालिका में...

समझाईश दिया गया। नगरपालिका की टीम ने कहा कि दुबारा सामान बाहर मिलने पर जप्ती की कार्यवाही किया जाएगा। पुशपालन विभाग के अधिकारियों को बताया गया कि पशुओं का चिन्हांकन किया जाए और उनके मालिकों को समझाईश दिया जाएगा, उसके बाद भी नहीं मानने पर नए नियम के तहत कानूनी कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया।

### सिंगारभाट में...

कीमत 3805.50 रूपए कुल 1 लाख 6 हजार 176 रूपएं 14 पैसे के सोने की जेवरात मेरे घर अंदर रखा आलमारी से अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुँची और चोरी की घटना के सबूत को एकत्र किया। घर के आसपास सीसीटीवी कैमरों की जानकारी लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 305 (क) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# सचिव ने जेल में मूलभूत सुविधाओं, बंदियों की विधिक आवश्यकताओं व प्रकरणों को जाना

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने उपजेल नारायणपुर का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

अलग खबर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय ने बुधवार को उप जेल नारायणपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बंदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विधिक सहायता व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बंदियों की विधिक आवश्यकताओं और उनके प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बंदियों को न्याय तक सहज पहुँच उपलब्ध हो। किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जाए। कई बंदियों ने व्यक्तिगत रूप से सचिव से मुलाकात कर अपनी समस्याएँ साझा कीं, जिन पर कुछ मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए और शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

### बंदियों के कानूनी अधिकार और निःशुल्क विधिक सहायता

इस दौरान सचिव ने उपस्थित बंदियों के स्वास्थ्य, खान–पान और साफ–सफाई का भी अवलोकन किया। तत्पश्चात, बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। जिन बंदियों के प्रकरणों में पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं थे। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क विधिक सलाह और सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी गई।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संजय नायक उप जेल अधीक्षक, नारायणपुर, अधिकार मित्र घासीराम नेताम, लोकेश यादव, प्रतिमा दोदी सहित जेल के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विरोध : कार्य समय में महिला कर्मचारी से किया गया अपमानजनक व्यवहार

# कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन और तहसीलदार पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड–3 महिला कर्मचारी पोषण उसेंडी के साथ तहसीलदार मनोज रावटे द्वारा सार्वजनिक रूप से अपशब्द कहे जाने और शाखा से बाहर निकालने की कोशिश 25 जुलाई को की गई।

ज्ञापन में दावा किया गया है कि तहसीलदार ने कहा, तेरा क्या काम है, तेरा ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा नहीं है, तू लोगों को जेल भेजती है। यह टिप्पणी कई कर्मचारियों के सामने की गई। जिससे पीड़िता की गरिमा को ठेस पहुंची। प्रादेशिक लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने इसे पूरे वर्ग के सम्मान का मुद्दा बताया। संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार मंडावी ने स्पष्ट कहा कि यदि 7 दिन में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी तहसीलों के कर्मचारी मिलकर धरना–प्रदर्शन करेंगे।



### सिर्फ एक महिला का नहीं पूरे वर्ग का सम्मान दांव पर

संघ ने चेताया कि यह मामला सिर्फ एक कर्मचारी का नहीं, बल्कि पूरे लिपिक वर्ग की सुरक्षा और गरिमा से जुड़ा है। यदि दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रशासन ने लिया संज्ञान, जांच का दिया भरोसा, कलेक्टर कार्यालय ने ज्ञापन प्राप्त होने की पुष्टि की है। मामले की प्राथमिक जांच के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार मनोज रावटे से संपर्क नहीं हो सका, उनका पक्ष फिलहाल नहीं मिल पाया है।

### दफ्तर का माहौल तनावपूर्ण

घटना के बाद से तहसील कार्यालय में तनाव का माहौल बना हुआ है। कर्मचारी असमंजस और असुरक्षा की भावना में काम कर रहे हैं।

# कृषि एवं अजजा मंत्री का नगर में भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

छग प्रदेश के आदिम जाति अनुसूचित जाति , पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग मंत्री राम विचार नेताम बस्तर प्रवास के दौरान गुरुवार को फरसगांव पहुंचे। नगर के रेस्ट हाउस में क्षेत्र के भाजपाइयों ने उनका आतिशबाजी और पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किए । इस दौरान मंत्री राम विचार नेताम ने कार्यकर्ताओं के बातों एवं मांगो को ध्यान से सुना एवं उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया । इस दौरान कुछ किसानों में कृषि मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया की क्षेत्र के खाद की सप्लाई सुचारू रूप से हो । जिसके बाद मंत्री रामविचार नेताम जिला मुख्यालय में आयोजित जिले के विभागीय अधिकारियों से की बैठक में शामिल होने रवाना हो गए । इस दौरान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी , कार्यकर्ता और सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

■ नेताम ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर की चर्चा

## मार्डिफाइड साइलेंसर, तेज आवाज में वाहन चलाने वाले भी धरे गए

# गलत तरीके से नम्बर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

यातायात नियमों की अवहेलना कर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान तेज साउण्ड में बुलेट चलाते हुए गलत तरीके से नम्बर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ समन शुल्क वसूल कर दुबारा पुनर्रावती करने पर उन्हें लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी देकर जाने दिया गया।

■ बुलेट में स्टाइलिश नम्बर व एके 47 रायफल की फोटो लगाकर चला रहा था

एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा शहर के सड़को पर मार्डिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज साउंड में चलने वाले तथा वाहन के नंबर पलेट पर आड़े, तिरछे नम्बर व पोस्टर लगाकर चलने वालों के खिलाफ जांच कर स्पष्ट एवं प्रभावी कार्रवाई करने दिए गए निर्देश के बाद एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन व यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग के नेतृत्व में यातायात अमले द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों व हाईवे में वाहनों की जांच करते हुए चालानी कार्रवाई की गई। वाहनों की जांच के दौरान कुम्हारपारा चौक में एक युवक बुलेट क्रमांक सीजी 17 केआर 5491 को गलत तरीके से नम्बर प्लेट पर अंकों को लिखा कर तेज साउंड के साथ चलाते हुए शहर की सड़कों पर फर्राटे भर रहा था जिसे कुम्हारपारा चौक में रोककर जांच की गई। वाहन चालक द्वारा बुलेट के नंबर प्लेट पर गलत तरीके से अंकों को लिखा कर तथा हथियार का फोटो लगा कर तेज साउंड में वाहन चलाया जा रहा था। उसके द्वारा रजिस्ट्रेशन अंकों के साइज को छोटे बड़े अंतर में लिखा गया था। इसके अलावा वाहन में प्रेशर हॉर्न लगाया गया था तथा बिना लाइसेंस के ही वाहन चलाते हुए यातायात नियमों की अवहेलना की जा रही थी। वाहन चालक के खिलाफ एएसआई यतेन्द्र देवांगन व आरक्षक ईश्वर आर्य द्वारा चालानी कार्रवाई करने के साथ ही उनके पालक को भी आवश्यक समझाइश दी गई तथा इसकी पुनर्रावती होने पर कठोर कार्रवाई की बात कही गई।





### निर्धारित मापदंड के अनुरूप नम्बर प्लेट लगाएंः एसपी

*एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने आम जनता से अपील करते हुए कहा की वाहन के नंबर प्लेट पर निर्धारित मापदंड के अनुरूप सभी अंकों को सुस्पष्ट अक्षर में लिखा हुआ का ही उपयोग करे। साथ ही वाहन कंपनी द्वारा निर्मित साइलेंसर के अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार के मार्डिफाईड साइलेंसर इस्तेमाल न करें, वाहन को हमेशा निर्धारित गति सीमा में ही चलाते हुए सुरक्षित आवागमन करें एवं हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।*

# अफसर- कर्मियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

आबकारी विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने आज एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन और समस्त स्टाफ ने आबकारी केंद्रों में विभिन्न फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया।

■ आबकारी केंद्र में लगाए गए फलदार व छायादार पौधे

इस अवसर पर आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से कहा कि जिस प्रकार साँस लेना जरूरी है। उसी प्रकार पेड़–पौधे भी हमारे जीवन के अमूल्य धरोहर हैं। ये भविष्य में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। आबकारी उप निरीक्षक मोरजध्वज साहू ने भी कहा कि आज के समय में वृक्षों का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वृक्षों के कटाव से मानव जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। प्रकृति और अपने जीवन में हरियाली बनाए रखने के लिए पौधारोपण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।





**ये रहे उपस्थित-** पौधारोपण अभियान में हरेन्द्र सिंह ठाकुर, निर्मल कुमार दुग्गा, कैलाश प्रसाद पाण्डे, नंदकिशोर बघेल, अशोक मण्डावी, सुरेश यादव, तरून सेठिया, विनय बघेल, विख्यात देवांगन, समदू बघेल, गजेन्द्र कार्राम, सदाराम, प्रदीप, सोहनलाल, और मंजीत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुलाकात....



**जगदलपुर।** आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम का सर्किट हाउस में महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की।

## गोद ग्राम डोगाम में निकाली जागरुकता रैली

# गांव में पौधे लगा कर पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से वेटनरी पॉलिटेक्निक द्वारा अंगीकृत गोद ग्राम डोगाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान पर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया । कार्यक्रम अंतर्गत वेटनरी पॉलिटेक्निक संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गांव के वार्डो में जाकर एक पेड़ मां के नाम संबंधी जागरुकता का संदेश दिया गया। साथ ही गांव के विभिन्न स्थल हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आंगनबाड़ी केन्द्र, पूर्व माध्यमिक शाला एवं पंचायत भवन जाटम में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाना और माताओं और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दशार्ता है। इस अभियान में मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।




### ये रहे उपस्थित

*पंचायत भवन जाटम में पौधारोपण कार्य के लिए सोमनाथ नाग,सरपंच जगबंधु बघेल, उपसरपंच नरेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव तुलसी ठाकुर, पंच डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक , डॉ. नविन साहू, डॉ. प्रतिभा टाटी, टीचिंग असिस्टेंट तथा वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।*

**खबर संक्षेप**

## बहनों ने सैनिकों के नाम भेजी राखी



**बस्तर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम बस्तर के स्काउट एवं गाइड्स बहनों के द्वारा एक राखी सैनिक भाइयों के नाम के अभियान के तहत स्काउट गाइड की बहनों के द्वारा राखियां बनाकर देश की सेवा में समर्पित वीर सैनिकों के प्रति अपना प्रेम, एकता, भाईचारे व्यक्त किये है। शासन द्वारा संचालित भारत स्काउट एवं गाइड्स से छात्र छात्राओं का शारीरिक, मानसिक, एवं बौद्धिक विकास होता है। भारत स्काउट एवं गाइड्स के छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के आह्वान पर कार्यक्रम संचालित है। महापौर एवं जिला मुख्य आयुक्त संजय पांडेय के साथ जिला शिक्षा अधिकारी बीआर यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों में क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण



**भोंड।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुड़कानार में मिशन लाइफ, इको क्लब अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कार्यकम में बच्चों एवं माताओं ने शाला परिसर में पौधों का रोपण किया। इस अवसर परखंड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम द्वारा पर्यावरण एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, फूल सिंह यादव, आभा प्रीति एक्का, ममता ठाकुर, शिल्पा शार्वा उपस्थित थे।

## संपूर्णता अभियान सम्मान व आकांक्षा हाट समारोह आज

**सुकमा।** जिला एवं आकांक्षी विकास खंड अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में केंद्रीय नीति आयोग द्वारा जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान एवं आकांक्षाहाट समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में यह कार्यक्रम 1 अगस्त को शबरी ऑडिटोरियम, कुम्हाररास में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में आकांक्षी विकास खंडों में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।

# नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं: रजनीश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

- **राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में चल रहे पेवर ब्लॉक के कार्य**



नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश ने नगर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत गीदम के पार्षद विनोद साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग में गुमड़ा चौक से नगर पंचायत गीदम तक सड़क की दोनों तरफ बिछाई जा रही पेवर ब्लॉक के कार्यों का निरीक्षण किया और गुणवत्ताहीन कार्य देखकर ठेकेदार पर नाराजगी जाहिर की। रजनीश सुराना ने ठेकेदार की जमकर क्लास लेते हुए कहा कि नगर में चल रहे हैं किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पेवर ब्लॉक बिछा रहे ठेकेदार को तत्काल घटिया निर्माण को तोड़कर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की विष्णु देव सरकार प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित है। इसलिए लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं किंतु भाजपा सरकार के इन विकास कार्यों में किसी तरह का भ्रष्टाचार और लापरवाही यदि दिखाई देगी तो भाजपा सरकार निश्चित तौर पर उस पर कार्रवाई करेगी। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि नगर में गुणवत्ताहीन काम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण में पाया गया कि कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता मानकों के अनुसार नहीं है। इससे सड़क की सुरक्षा और स्थायित्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए ठेकेदार को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत कार्य की गुणवत्ता में सुधार करें और मानकों के अनुसार काम करें। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए गुणवत्ता का महत्व अत्यधिक है। गुणवत्तापूर्ण कार्य से ही नगर की सड़कें और बुनियादी ढांचे सुरक्षित और स्थायी हो सकते हैं। इसलिए सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखना आवश्यक है। गौरतलब हैं कि गुमड़ा चौक से नगर पंचायत गीदम तक राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों तरफ लगभग 47 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं जिसकी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग बताया जा रहा है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राधे राम ने कहा कि गुणवत्ताविहीन कार्य को तोड़कर फिर से कार्य करने के निर्देश दिए गए है।

### विधायक ने किया सरगीपाल बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण

# छात्रों से संवाद, सुनीं समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/ भोण्ड**

- **अधीक्षक के कमरे में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद**



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत सरगीपाल स्थित बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने छात्रावास की जर्जर अवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, छात्रों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

छात्रों ने विधायक के समक्ष कंबल और जर्सी की मांग रखी, जिस पर उन्होंने शीघ्र आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। छात्रावास अधीक्षक एवं भृत्य दोनों अनुपस्थित पाए गए। जिसे लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बच्चों से भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। विधायक ने संध्या कालीन प्रार्थना में भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। दो बच्चों की तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर तत्काल दूरभाष पर अधीक्षक को निर्देशित किया। इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने को भी कहा। छात्रावास परिसर की साफ-सफाई की स्थिति पर ध्यान आकर्षित करते हुए निर्देशित किया कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और उपस्थित भृत्य को नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए।

निरीक्षण के अंत में विधायक ने आश्वस्त किया कि छात्रावास की मरम्मत, संसाधनों की आपूर्ति एवं आधारभूत ढांचे के उन्नयन हेतु प्रस्ताव संबंधित विभाग को शीघ्र भेजा जायेगा।

### छात्रावास की स्थिति बदहाल

क्षेत्र के एक सरकारी छात्रावास का हाल ही में हुए निरीक्षण में दयनीय हालात सामने आए छात्रावास की इमारत काफी जर्जर हालत में है और बच्चों के कमरों में लगातार पानी रिसाव की समस्या बनी हुई है सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि भवन के रखरखाव और मरम्मत की कोई भी व्यवस्था नजर नहीं आई। वहीं, निरीक्षण के दौरान जब छात्रावास के अधीक्षक के ऑफिस का जायजा लिया गया तो वहां साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव देखने को मिला, जिससे यह सवाल उठता है कि जहां एक ओर कार्यालय को सुसज्जित रखा गया है, वहीं बच्चों के रहने की जगह पर लापरवाही क्यों बरती जा रही हैं।

बच्चों से जब पूछा गया कि क्या उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराए गए हैं, तो उन्होंने शालीनता से बताया कि उन्होंने घर से ही कंबल की व्यवस्था की है। हैरानी की बात यह रही कि अधीक्षक के कमरे में कंबलों का बंडल रखा हुआ मिला, जो अभी तक बच्चों तक वितरित नहीं किया गया।इस अव्यवस्था और भेदभाव ने जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और छात्रावास में रह रहे बच्चों की समस्याओं को जल्द दूर करने की ज़रूरत को उजागर किया है।

### अवैध रेत भंडारण पर हुई कार्रवाई

# 1200 हाईवा रेत जप्त 44.97 लाख का अर्थदंड

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम ने कोन्टा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत भंडारण के तीन मामलों में प्रकरण दर्ज किया है। प्रभारी खनिज अधिकारी छबिलेश्वर मौर्य एवं खनिज अमला द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई जांच में लगभग 1200 हाइवा रेत जप्त की गई। भंडारकर्ताओं पर 44,97,460 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

जांच के दौरान अवैध भंडार पाया गया, जिनमें भंडारकर्ता एसडी राज निवासी धरमपुरा जगदलपुर भंडारण स्थल ग्राम फंदीगुड़ा तहसील कोन्टा जिला सुकमा,

भंडारकर्ता पी. युवराज निवासी कोन्टा भंडारण स्थल ग्राम ढोंढरा तहसील कोन्टा, जिला सुकमा तथा भंडारकर्ता एसडी सैफ अली निवासी कोन्टा भंडारण स्थल नगर पंचायत कोन्टा जिला सुकमा शामिल है। जांच के समय तीनों भंडारकर्ताओं द्वारा वैध अभिवहन पास अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके बाद खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन एवं भंडारण नियम 2009 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

प्रभारी खनि अधिकारी मौर्य ने बताया कि उक्त कार्रवाई में जप्त रेत का बाजार मूल्य लगभग 44.97 लाख रुपये है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई कलेक्टर के सख्त निर्देशों के अनुरूप की गई है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में प्रभारी खनि अधिकारी छबिलेश्वर मौर्य के साथ खनिज अमला सुकमा की पूरी टीम मौजूद रही।

# सावन हमारी संस्कृति की आत्मा : दीपिका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा**



नगर में स्थित रामलिंग्शेवर स्वामी शिव मंदिर नयापारा प्रांगण में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बस्तर क्षितिज सामाजिक समिति द्वारा सुकमा जिले के कोंटा नगर में महिलाओं का सावन मिलन समारोह का आयोजन करवाया।

कोंटा में आयोजित यह कार्यक्रम उल्लास और भक्ति भाव से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति की संस्थापिका अधिवक्ता दीपिका शोरी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य हैं। उन्होंने मंदिर में प्रभु भोलेनाथ एवं माता पार्वती व अन्य देवी-देवताओं के दर्शन और पूजन से की। महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधान और सोलह श्रृंगार कर कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान गीत-संगीत, साज और श्रृंगार संग सावन मस्ती की फुहार खूब बरसी। सोलह श्रृंगार एवं विशेष परिधान में पहुंची सदस्यों ने खूब मस्ती की। सावन की महता पर प्रकाश डाला और इसे अपने अंदाज में सेलिब्रेट किया। सावन आया है, आया सावन झूम के आदि गाने सदस्यों को झूमने पर मजबूर कर दिया। थोड़ी मस्ती थोड़ा फन कभी ठुमके तो कभी पारंपरिक गीतों की गूंज के साथ आनंदमयी तरीके से लगभग 4 घण्टे कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित कुछ महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। कुछ ने मनमोहक गीतों और नृत्य से कार्यक्रम को जीवंत बनाया।

विदित हो कि बस्तर क्षितिज सामाजिक सामाजिक सेवा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह का आयोजन सुकमा जिले के अलग अलग स्थानों में होता है। जिसमें महिलाएं सज-धजकर पहुंचती हैं और करीब तीन चार घंटे के इस कार्यक्रम में खूब आनंद लेती है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को भेंट स्वरूप सुहाग के सामान पान सुपारी हल्दी चूड़ियाँ सिंदूर मेहंदी आलता स्टील के प्लेट एवं फल अधिवक्ता दीपिका शोरी ने भेंट किए। बस्तर क्षितिज समाजिक सेवा समिति की संस्थापिका अधिवक्ता दीपिका शोरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सावन हमारी संस्कृति की आत्मा है और यह मिलन उसे जीवंत करता है। सावन मिलन समारोह नारी सौंदर्य भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का संगम रहा है।

प्रत्येक वर्ष हम इसी हर्षोल्लास के साथ इसे मनाते आ रहे हैं। अगले वर्ष का वादा करके मैं जा रही हूं कि यदि आप लोगों का प्रेम व साथ ऐसा ही रहा तो हम और भी अच्छे से आगामी वर्ष में सावन मिलन का कार्यक्रम रखेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से अन्नू घोष, आशा हलधर, अन्नू बोगम, अंजली यादव पल्लवी के साथ अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के 43 छात्रों का कैंपस में चयन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली**

एनएमडीसी डीएवी प्रा. आईटीआई भांसी में मंगलवार को शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड एसइआईएल भिलाई के द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। एसइआईएल भिलाई से जीतेन्द्र सिंह एजीएम एचआर एवं प्रशांत नारद मैनेजर मशीन शॉप शामिल हुए। जिन्होंने कंपनी के बारे में तथा उसके क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित जोसी थॉमस डीजीएम एचआर सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड बचेली बीआईओएम काम्प्लेक्स ने सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को सफल होने की शुभकामनायें दी और संस्था को छात्रों की शिक्षा के साथ -साथ उनके रोजगार के लिए ध्यान देने तथा इस प्रकार के कैंपस इंटरव्यू का आयोजन कराने के लिए बधाई दी। संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं सभी शिक्षकों एवं छात्रों को कैंपस इंटरव्यू के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। इस कैंपस ड्राइव में इंटरव्यू के परफॉरमेंस के आधार पर कुल 43 छात्र–छात्राओं का चयन शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड भिलाई कंपनी के लिए किया गया है। इन छात्रों को कंपनी शुरुआत में 6 माह के ट्रेनिंग के उपरांत कंपनी पे रोल पर नियमित कर्मचारी के रूप में रखा जायेगा। साथ ही कंपनी पीएफ, मेडिकल ईएसआईसी और इन्श्योरेन्स आदि की सुविधाएं भी मुहैया कराएगी एवं अन्य भत्ते भी प्रदान किये जायेंगे। एनएमडीसी लिमिटेड बचेली बीआईओएम काम्प्लेक्स के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने सभी चयनित छात्र-छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। साथ ही इस प्लेसमेंट के आयोजन लिए संस्था को भी बधाई दी। भविष्य में भी संस्था में और भी इस तरह के प्लेसमेंट कैंप के आयोजन कराने की बात कही गई ताकि संस्था के छात्रों के लिए रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध हों।

# पेड़ केवल पर्यावरण का नहीं हमारे संस्कारों का प्रतीक: हरविंदर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**




241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा पौधरोपण अभियान के तहत 30 जुलाई को अधिकारियों, जवानों एवं महिला कार्मिकों ने धरती मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कैम्प परिसर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तोकापाल परिसर में पौधरोपण किया।

इस कार्यक्रम में हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट 241 बस्तरिया बटालियन, शंकरलाल सिन्हा, एसडीएम तोकापाल, लक्ष्मण पोटाई एसडीपीओ केशलूर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट ने पौधों को अपनी मां के नाम समर्पित कर यह संदेश दिया कि जैसे एक मां बिना किसी अपेक्षा के हमें जीवन देती है, वैसे ही एक पेड़ भी हमें शुद्ध हवा, छाया और जीवन देता है। उन्होंने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण का नहीं हमारे संस्कारों का भी प्रतीक है। जब हम एक पेड़ मां के नाम लगाते हैं तो हम प्रकृति और मातृत्व दोनों के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

241 बस्तरिया बटालियन परिवार द्वारा इस प्रकार के रचनात्मक और भावनात्मक कार्यक्रमों से जवानों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और अपने परिवार व संस्कृति के साथ प्रकृति के प्रति जागृत की जा रही है। इस अवसर पर निरंजन कुमार निराला उप कमाण्डेन्ट, दीपक कुमार सुपालभगत प्रधानाचार्य, प्रमोद कुमार सिंह सहायक कमाण्डेन्ट के अलावा अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। बैठक में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षा, के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि 5 से 7 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष के स्कूली बच्चों का मेंडेटरी बायोमेट्रिक आधार अपडेट कराने के लिए शिविर का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान जानकारी दी गई कि जिले में अनुमानित 3 लाख 18 हजार जनसंख्या के विरूद्ध 3 लाख 11 हजार आधार पंजीयन और अपडेट हो चुके है। इसके अलावा इण्डियन पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से 0 से 5 वर्षो के बच्चों का नया आधार पंजीयन शिविर के माध्यम से किए जाने कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है।

# कोताही पर संकुल समन्वयकों को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार टीएल बैठक में समीक्षा के दौरान शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों को प्रवेश दिलाने में कोताही बरतने वाले संकुल समन्वयकों को नोटिस जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम में संकुल समन्वयकों के कोताही बरतने वाले सभी संकुल समन्वयकों को नोटिस जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार साहू संकुल एलमागुण्डा, सालिक राम बंजारे संकुल गुफडी, कवासी हिडमा संकुल कांकेरलंका, रघुवीर नेताम संकुल कस्तरी, दुष्यंत दाउ संकुल लेदा, नरेन्द्र राणा संकुल गुडरा, महादेव बघेल संकुलसामसट्टी, मानदाता पटेल संकुल मिसमा, रामलाल मरकाम संकुल हमीरगढ़, भीमराज समरथ संकुल बंजेपल्ली, सुरन्द्र प्रताप राज संकुल रामपुरम, देवनाथ कवाची संकुल गोंडेरास, तुलाराम मण्डावी संकुल तालनार, प्रवीण मिश्रा संकुल पेरमारास, रामकुमार वादेकर संकुल किंदरवाडा, बनसिंह बेलसरिया संकुल डोलेरास, रामसिंह नायक संकुल सोनाकुकानार, तुलसीराम नाग संकुल गंगलेर, पुनित राम सिंन्हा संकुल पेन्टा, हेमन्तदास मानिकपुरी संकुल पोलमपल्ली, रामनारायण दुग्गे संकुल सगुनघाट, लालसिंह नायक संकुल दुब्बाटोटा, कालिका प्रसाद गुप्ता संकुल पेदाकुर्ती, महेन्द्र नाग संकुल कुन्ना, दुलेश्वर सिंह कोर्राम संकुल भेज्जी, शेख अब्दुल मतीन संकुल मुलाकिसोली, मंजीत मिंज संकुल पोन्दुम, निखिल चन्द्र सुना संकुल गोंदपल्ली को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं। समाधानकारक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में प्रशासन के द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराज हुए कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा आज दंतेवाड़ा एवं कटेकल्याण विकासखंड के ग्राम मेडोली के बालक आवासीय पोटाकेबिन, मेटापाल बालक आश्रम और कटेकल्याण में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, परचेली के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सहित गाटम, बेगलुरू के छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम मेडोली के बालक आवासीय पोटाकेबिन निरीक्षण करते हुए रिनोवेशन कार्य के तहत पंखे, लाइट एवं बिजली व्यवस्था को गुणवत्ता उत्कृष्टता अनुरूप निर्मित करने के निर्देश कार्य एजेंसियों को दिए। इस प्रकार मेटापाल बालक आश्रम का भी उन्होंने निरीक्षण किया और वहाँ चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यों की धीमी गति और गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया।

उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करते हुए पोटाकेबिन को सर्वसुविधायुक्त और उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला बनाया जाए।

इस साथ ही उन्होंने कटेकल्याण निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय परिसर विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उसे तय अवधि में बनाने को कहा। ग्राम गाटम में निर्माणाधीन छात्रावास का अवलोकन करते हुए उन्होंने पंचायत जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि वे निर्माण प्रगति का नियमित रूप से जायजा लेते रहे।

# मंडल कार्यकारिणी का गठन, वीर सिंह चुने गए अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा**




जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बोड़नपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर बस्तर ब्लॉक प्रभारी बालेस चंद्र दुबे और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रभारी बालेस चंद्र दुबे ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए युवाओं और महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निडर होकर काम करने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर अधिकाधिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। दुबे ने किसानों की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे परेशान हैं। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि इससे न केवल खेती प्रभावित हो रही है बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दुबे ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं और सत्ता में बैठी सरकार से जवाब मांगें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, युवाओं और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है। संगठन तभी मजबूत होगा जब कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता के बीच पहुंचेंगे और उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान के लिए ठोस कदम उठाएंगे।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश बघेल ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हमें बूथ स्तर, सेक्टर स्तर और मंडल स्तर पर सुदृढ़ता लानी होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आगे तक जीवित रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। बघेल ने कहा कि हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर जनता का विश्वास जीतना है। संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी को भविष्य में और सशक्त बनाएगी। मंडल कार्यकारिणी में वीर सिंह बघेल को अध्यक्ष, थनु राम बघेल, कृपालु बघेल और सुखचंद कश्यप को उपाध्यक्ष बनाया गया। पूरन सिंह कश्यप एवं दुटिका नाग, लखपति नाग को सचिव, रामनाथ कश्यप को कोषाध्यक्ष तथा नाहटू बघेल और फागुन भारद्वाज को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मीडिया समन्वयक के रूप में सुलो कश्यप को नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में फूल सिंह बघेल, मंगलुराम मौर्य, रामधर कश्यप, अनत कश्यप, सुकुलदार कश्यप, लेखन भारती, कुलधर कश्यप, चंपा बघेल और बुकी बाई को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके साथ ही बैठक में बड़े चकवा सेक्टर प्रभारी हीरू कश्यप, रोतमा सेक्टर प्रभारी शिवनाथ मौर्य, बोड़नपाल सेक्टर प्रभारी चेतन कश्यप तथा लामकेर सेक्टर प्रभारी बैसाकु मौर्य की नियुक्ति की गई। अंत में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से मिलजुलकर काम करने का आह्वान किया गया।

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**कांकेर।** किशोर न्याय बोर्ड सिंगारभाट के परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। वृक्षारोपण में किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट अम्बा शाह एवं सदस्य हेमलता वैष्णव, बुलबुल वैद्य, बालक कल्याण के समस्त सदस्यों की उपस्थिति तथा विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कौशिक, सदस्य नीला साहू, मुकेश शर्मा, आत्माराम निषाद, अमित बघेल, भामानी साहू, जुगाधर सलाम एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### साड़ी पहनकर आई महिला परीक्षार्थी को प्रवेश से रोकना निंदनीय

**जगदलपुर।** व्यापम भर्ती परीक्षा के दौरान एक महिला परीक्षार्थी को केवल इसलिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया क्योंकि उसने भारतीय पारंपरिक परिधान साड़ी पहन रखी थी। यह घटना न केवल महिला गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह प्रशासनिक अमानवीयता और असंवेदनशीलता का भी उदाहरण है। आप की प्रदेश सचिव तरुणा साबे ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि साड़ी भारत की सांस्कृतिक पहचान और महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। किसी महिला को सिर्फ उसके पहनावे के आधार पर परीक्षा देने से रोकना न केवल संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन है, बल्कि यह एक महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। आप पार्टी की नेत्री तरुणा साबे ने मांग की है कि संबंधित परीक्षा केंद्र प्रभारी व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तुरंत जांच व कार्रवाई की जाए।

### गजेंद्र श्रीवास्तव बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय संगठन महासचिव,राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया एडवोकेट से विचार विमर्श कर वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ने गजेंद्र श्रीवास्तव जगदलपुर को छत्तीसगढ़ प्रान्त का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

### सेक्टर मीटिंग में पहुंचे सीएमएचओ बसाक

**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक सीएचसी नानगूर के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनार के साप्ताहिक बैठक में भाग लेने नगरनार पहुंचे। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम और बीएमओ डॉ. जेएल दरियो भी मौजूद थे। सेक्टर मीटिंग में आगामी दिनों में होने वाले स्वास्थ्य मंत्री के प्रवास के बारे में जानकारी देते हुए सभी उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सारी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने हेतु बताया गया।

# कलेक्टर का पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों को संबोधन- विश्व पटल पर नाम करें रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में छात्रों के 07 दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मुख्य आतिथ्यि में हुआ। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें व्यापक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार कर विश्व पटल पर नाम रोशन करने के लिए आह्वान किया।

शासकी पॉलिटेक्निक में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि शासकीय क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित है। इसके साथ ही इंजीनियरिंग छात्रों को निजी क्षेत्रों में मिल रहे रोजगार के सुनहरे अवसर को आत्मसात करना चाहिए।

## पॉलिटेक्निक में 07 दिवसीय छात्र प्रबोधन कार्यक्रम का किया शुभारंभ




### परीक्षाओं में सफल होने के दिए टिप्स

प्रबोधन कार्यक्रम में शासकीय मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर धीरज कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स दिए। उन्होंने एक अच्छे इंजीनियर के लिए भाषा के प्रस्तुतिकरण विषय पर प्रकाश डाला एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों से भलीभांति परिचित होने का आह्वान किया, ताकि वे एक सफल इंजीनियर बन सकें। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने संस्था में बाउण्ड्रीवाल एवं नलकूप खनन के लिए सीएसआर मद से त्वरित स्वीकृत के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपने छात्र जीवन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय से बीएएमएस की उपाधि ली, लेकिन कालान्तर में समाजसेवा में रूचि होने के कारण उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा सन 2011 में उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बने। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इंजीयनिरिंग के क्षेत्र में नवाचार को अपनाते हुए एक अच्छे इंजीनियर बनें, साथ ही अपने लिए वृह्द स्तर पर उपलब्ध रोजगार की सम्भावनाओं और अवसरों को स्वीकार करें। कलेक्टर ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अवसरों का लाभ उठाने और एक उत्कृष्ट इंजीनियर बनने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

## एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने 1991 राखियां जवानों को समर्पित की

# राखी केवल धागा नहीं, निश्चछल प्रेम का अनुपम भावात्मक संदेश है : रामविचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ सैनिकों को राखी भेजना देशभक्ति की भावना से प्रेरित

जिलों में वीर सपूतों और वीर योद्धाओं के लिए जो बॉर्डर पर हमारे देश की रक्षा के लिए दिन रात सदैव तैनात है। भाइयों की रक्षा, उत्तम जीवन और उनके हौसला अफजाई के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से राखियां बनाकर भेजने का एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसे एक राखी सैनिक भाइयों के नाम शीर्षक दिया गया है। इसी के तहत आज जिले से 1991 राखियां जिला शिक्षा कार्यालय के माध्यम से राज्य मुख्यालय रायपुर भेजा गया। जिला संघ के द्वारा सर्किट हाउस में कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के मुख्य आतिथ्य, विधायक आशाराम नेताम, बीजेपी अध्यक्ष महेश जैन, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में राखियों को जिला संघ के जिला संगठन आयुक्त किरण ठाकुर एवं जिला प्रशिक्षण



आयुक्त प्रदीप कुमार सेन को राज्य कार्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रायपुर भेजने सुपुर्द किया गया। केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि हमारी बेटियों द्वारा सैनिकों को भेजी गई यह राखियाँ केवल धागा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संदेश हैं, जो एक सूत्र में बांधे रखता है। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह पहल हमारे समाज की बदलती सोच और युवाओं में बढ़ती देशभक्ति का प्रतीक है। जिला अध्यक्ष रामचरण कोर्राम ने भी सभी गाइड्स, रेंजर बहनों और उनके मार्गदर्शकों को इस प्रेरणादायक प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला मुख्य आयुक्त भरत मटियारा ने कहा कि यह अभियान न केवल सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करने का सशक्त माध्यम बना, बल्कि स्कूली छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना और सेवा भाव को भी सुदृढ़ करता है। जिले के विभिन्न संस्थाओं से स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर , छात्र-छात्राओं और प्रभारी स्काउटर- गाइडर द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हमारे देश के रक्षा में तैनात वीर योद्धा सैनिकों के लिए अपने स्नेह और सम्मान की डोरी अपने हाथों से तैयार कर एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने स्वयं 1991 राखियाँ देश की सेवा में जुटे जवानों को समर्पित किया।

इस अवसर पर राजा देवनानी, हलधर साहू, एसडीएम अरुण वर्मा एवं वजीद खान, पवन कुमार सेन, संजय जूर्री, प्रदीप कुलदीप, राजेन्द्र आर्ची दन्तेश्वरी तिवारी, ममता तारम, अभिमन्यु कुंवर, रंजीता, ओमप्रकाश सेन, सपना पाण्डेय, धार्मिक मरकाम, सीमा महादेवकर, प्रदीप साहू, उर्मिला ठाकुर, घसिया राम साहू, उमेश साहू, गोपीनाथ मरकाम, प्रद्युम्न श्रीवास हरिश्चंद्र कांगे, पदाधिकारीयों व स्काउटर गाइडर का सहयोग रहा।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए घंटों की प्रतीक्षा, पर सिविल अस्पताल में बैठने का प्रबंध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



■ अव्यवस्था से ग्रामीणों होते हैं परेशान, अस्पताल प्रशासन की चुप्पी

पखांजूर के सिविल अस्पताल में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आ रहे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रमाण पत्र लेने के लिए लोगों को अस्पताल की खिड़की के बाहर, खुले आसमान के नीचे घंटों इंतजार करना पड़ता है, चाहे वह झुलसा देने वाली गर्मी हो, कड़ाके की ठंड हो या मूसलाधार बारिश।

पखांजूर के स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह एक नियमित समस्या बन गई है। प्रमाण पत्र लेने के लिए अक्सर बुजुर्गों और बच्चों के साथ आए लोगों को भी घंटों धूप, बारिश या ठंड में खड़ा रहना पड़ता है। अस्पताल परिसर में प्रतीक्षालय या बैठने की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया यह किसी बुरे सपने जैसा है। बारिश हो या तेज़ धूप, हमें बाहर ही खड़ा रहना पड़ता है। बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए यह स्थिति और भी मुश्किल भरी होती है। एक अन्य नागरिक ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा ये महत्वपूर्ण दस्तावेज है और इन्हें प्राप्त करना इतना कठिन नहीं होना चाहिए। अस्पताल प्रशासन को हमें एक सम्मानजनक और आरामदायक माहौल प्रदान करना चाहिए। पखांजूर सिविल अस्पताल की यह स्थिति बुनियादी ढांचे और नागरिक-केंद्रित सेवाओं में सुधार की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती है। समुदाय के सदस्य अस्पताल अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन से इन चिंताओं को तुरंत दूर करने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि नागरिकों को महत्वपूर्ण दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# पूना पर्रियान योजना संस्थान मूल्ला कैंप से 35 युवा प्रतिभागियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अभिनव पहल पूना पर्रियान के तहत जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्र विकासखंड दुर्गुकोंदल, कोयलीबेडा, अंतागढ, भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ऐसे समस्त युवा एवं छात्रों जिसके लिए फिजिकल परीक्षा की आवश्यकता होती है, ऐसे युवाओं के लिए विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम मूल्ला चौगेल में पूना पर्रियान नई उड़ान संस्था का प्रारंभ किया गया है। प्रथम चरण में स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से चयनित छात्र नियमित रूप से उपस्थित होकर शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। योजना को प्रारंभ हुए अभी पांच माह में ही इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागरने बताया कि पूना पर्रियान भानुप्रतापपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं में से अग्निवीर के लिए 07 छात्रों ने लिखित परीक्षा पास किए हैं। इसी प्रकार से छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में 12 प्रतिभागियों ने फिजिकल उत्तीर्ण किया है। एसएससी



के माध्यम से 05 छात्र लिखित परीक्षा उत्तीर्ण तथा 01 छात्रा बीएसएफ के लिए फिजिकल पास किया है। 10 छात्रों ने नगर सेना के लिए लिखित परीक्षा दिए हैं जिसका रिजल्ट अभी नहीं आया है। इस प्रकार से इस कैम्प से 35 युवा छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता साबित करते हुए सफलता की ओर अग्रसर है। यदि इन छात्रों को रोजगार की प्राप्ति होगी तो वे अपने परिवार का अच्छा से भरण पोषण कर सकेंगे, जिससे उनके पारिवार की स्थिति एवं जीवन स्तर में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने अभिनव पहल पर भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम मूल्ला चौगेल में बंद पडे बीएसएफ कैम्प का जीर्णोद्धार कर 28 फरवरी 2025 से पूना पर्रियान नई उड़ान योजना का प्रारंभ किया गया है। जो युवा, छात्र अग्निवीर, बीएसएफ, पुलिस, सेना, वन रक्षक, फायर ब्रिगेड गार्ड की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश कुमार मंडावी ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवा, छात्रों को योग्य प्रशिक्षकों के माध्यम से इन्हें अच्छी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ-साथ बच्चों के मेंटल एबिलिटी की भी तैयारी कराई जा रही है, जिसके सुखद परिणाम अब देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सप्ताह जिले में चल रहे नवाचारों की समीक्षा की जा रही है, जिससे पालकों की मांग के अनुरूप जिला मुख्यालय कांकेर में पूना पर्रियान नई उड़ान योजना का शुभारंभ 15 अगस्त को करने की योजना बनाई गई है।

जिला मुख्यालय में भी छात्रों को सम्पूर्ण फिजिकल की तैयारी के साथ-साथ मेंटल एबिलिटी की भी तैयारी कराई जाएगी। युवाओं को प्रारंभ से ही सामान्य फिजिकल के साथ हॉर्स राईडिंग, योग, स्वीमिंग व अन्य फिजिकल की तैयारी भी कराई जाएगी। भविष्य में जिला स्तर पर सेना भर्ती कैम्प व पुलिस भर्ती कैम्प का आयोजन करने की भी कार्ययोजना है। पूना पर्रियान शाखा कांकेर वृहद खेल मैदान सिंगारभाट कांकेर में काराया जाएगा। इच्छुक छात्रों का पंजीयन प्रारंभ किया जा रहा है। इन बच्चों का फिजिकल के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट विशेषज्ञों द्वारा आयोजित किया जाएगा, इसमें जिले के विकासखण्ड कांकेर, नरहरपुर, चारामा के साथ-साथ अन्य विकासखण्ड के छात्र भी भी भाग ले सकते हैं।

# बीएसएनएल के खराब नेटवर्क से संगम गांव है बेहाल, सरकारी कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

जिले के सुदूर गांव संगम में भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल की लचर नेटवर्क व्यवस्था ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। पखांजूर मुख्यालय से करीब 15 किमी. दूर स्थित इस गांव में सालों पहले बीएसएनएल का टावर तो लगा दिया गया था, लेकिन विडंबना यह है कि यहां नेटवर्क कभी भी ठीक से काम नहीं कर पाया। इससे न केवल मोबाइल कॉल और इंटरनेट सेवा बाधित है, बल्कि कई महत्वपूर्ण सरकारी कामकाज भी ठप पड़ गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जियो का टावर भी लगा है, लेकिन अधिकांश सरकारी योजनाएं और सेवाएं बीएसएनएल नंबरों से जुड़ी हुई हैं, जिस कारण ग्रामीण पूरी तरह से बीएसएनएल पर ही निर्भर हैं। ऊपर से जियो का रिचार्ज महंगा होने की वजह से कई लोग इसे



करवा पाने में असमर्थ हैं। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संगम के प्राचार्य एससी हालदार ने बताया बच्चों को किताबें बांटनी हैं, लेकिन उससे पहले शाला दर्पण पोर्टल पर स्कैनिंग करनी होती है। खराब नेटवर्क के कारण यह काम अब तक नहीं हो पाया है। किसानों की भी अपनी व्यथा है। उन्होंने बताया कि लैम्पस सहकारी संस्था में खाद-बीज लेने, कर्ज चुकाने और राशन कार्ड से जुड़े काम नेटवर्क न होने की वजह से समय पर नहीं हो पाते हैं। माच्चपल्ली, बारकोट, जुरान मेहड़ा, पीव्ही-62 और बुरका जैसे दूर-दराज के गांवों से लोग उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन दिनभर लाइन में खड़े रहने के बावजूद नेटवर्क न मिलने पर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि महतारी वंदन योजना, पेंशन सत्यापन, आधार लिंक, स्कूल की रिपोर्ट और आंगनबाड़ी की जानकारी जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य भी बीएसएनएल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण अटक जाते हैं। संगम और आसपास के गांवों के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि बीएसएनएल की सेवा को जल्द से जल्द सुधारा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बेहतर कनेक्टिविटी से ही वे सरकारी योजनाओं और डिजिटल सुविधाओं का समुचित लाभ उठा पाएंगे, जिससे उनके जीवन में सुधार आ सकेगा।

## तहसीलदारों की हड़ताल के कारण से राजस्व कार्यलयों में कामकाज ठप

**दुर्गुकोंदल।** प्रदेशभर में चल रही तहसीलदारों की हड़ताल का असर जिले के अंतर्गत तहसील दुर्गुकोंदल में भी साफ नजर आ रहा है। लगातार चौथे दिन गुरुवार को तहसील कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा, जिससे जमीन संबंधी कार्य, नामांतरण, प्रकरणों की पेशी सहित अन्य जरूरी काम लेकर आए ग्रामीणों और नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं पर तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने राज्य एवं संभाग स्तर पर हड़ताल पर। तहसील कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं। हड़ताल की वजह से पिछले तीन दिनों की पेशियों को भी स्थगित करना पड़ा है। हड़ताल के चलते जिले की सभी तहसीलों में रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन,




कोर्ट प्रकरणों की सुनवाई, नक्शा प्रतियों की आपूर्ति, आय/जाति/निवास प्रमाणपत्र जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं ठप हो गई है। आम नागरिक तहसील कार्यालयों का रुख तो कर रहे हैं, लेकिन बंद कामकाज के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। हड़ताल की वजह से राजस्व संबंधी कार्यों में रुकावट आ रही है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार संघ द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलनरत तहसीलदारों का कहना है कि जब तक सरकार उनके मांगों पर विचार नहीं करती, प्रदर्शन जारी रहेगा। फिलहाज तीन दिवसीय यह आंदोलन किया गया है, आगे भी आंदोलन के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी।


## मध्यस्थता और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैठक में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

न्यायालय परिसर पखांजुर में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बैठक में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पखांजूर विजय कुमार मिंज और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पखांजूर मयंक सोनी ने अधिवक्ताओं के साथ मध्यस्थता मेडिएशन और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य पैनल अधिवक्ताओं को मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी देना, इसके कानूनी महत्व को समझाना और यह बताना था कि कैसे यह समय और लागत की बचत करते हुए



विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में सहायक है। न्यायाधीशों ने अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी बताया कि आम जनता को मध्यस्थता के बारे में जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। इस अवसर पर बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें नागरिकों को इस वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है।









**हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक